

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "पक्का मकान मिलने से दूर हुई मुसीबत, पूरी हुई जरूरत"





रेशमा खातून, पति फिरोज अंसारी, नगर परिषद, मिहिजाम के वार्ड संख्या 5 क्षेत्र अंतर्गत बजरापाड़ा में पिछले 40 वर्षों से निवास करती आ रही हैं। इनके पति फिरोज अंसारी पिछले 15 वर्षों से कुली का काम कर रहे हैं और उसी से अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। इनका खुद का एक कच्चा मकान था, जिसमें परिवार के कुल सात सदस्यों के साथ इन्हें रहने में काफी परेशानी होती थी। इनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी, जिसके कारण वे अपना मकान बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकती थीं। ऐसे ही समय में इन्हें नगर परिषद कर्मियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद इन्होंने इसका आवेदन पत्र भरकर नगर परिषद के कार्यालय में जमा किया। इसके परिणामस्वरूप इनका चयन योजना के लाभुक के रूप में हो गया। देखते ही देखते मात्र पाँच माह के अंतराल में इन्होंने अपने पक्के मकान का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया। अब वे अपने पूरे परिवार के साथ खुशी-खुशी इन नए मकान में रह रही हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**